**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :** मैंने कहा कि उस का टेप रिकार्ड मौजूद है।

**अध्यक्ष महोदय :** मंत्री जी, आप जवाब उन को दीजिये। बात तो यह है कि प्रश्न तो था कोल्ड वेव और प्रोडक्शन का। लेकिन यह जो आप ने इतना कुछ जवाब मे जोड दिया है उस की वजह से सवाल पैदा होता है। मिनिस्टर साहबान जब जवाब दिया करे तो कम से कम यह तो देख लिया करें कि रेलीवेंट जवाब है कि नही, वरना खामख्वाह अपना हैडएक बढाते है, मेरा हैडएक बढाते है और मेम्बरो का भी हैडएक बढाते है।

**श्री फखरुद्दीन अली अहमद :** उस में यह था कि क्या-क्या मेजर्स लिये है।

**अध्यक्ष महोदय :** उस मे से चिमन भाई निकल आये ना।

**श्री शंकर दयाल सिंह :** मान्यवर मैं मंत्री जी से जानना चाहता हू कि भारत सरकार के पास क्या राज्यवार विवरण है कि किस राज्य म शीत लहर के कारण कितनी क्षति हुई है?

**अध्यक्ष महोदय :** यह हो चुका है, आप बाद मे आये है।

**World Wide Shortage of Sugar**

\+
*427. SHRI NIHAR LASKAR :

SHRI NAWAL KISHORE SHARMA :

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether it has been reported in the press that there would be world wide shortage of sugar soon ;

(b) if so, the reaction of Government of India thereto , and

(c) whether sugar production in India will be less this year ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI F. A. AHMED) : (a) Yes, Sir.

(b) The Government propose to review and decide from time to time the quantity of sugar to be exported this year taking into account the production prospects, requirements for internal consumption and the prevailing international prices of sugar.

(c) No, Sir.

SHRI NIHAR LASKAR : In view of the fact that there are bright prospects of sugar output in the current year, the production being reported to be 4 5 million tonnes against 3 million tonnes last year with the resulting better supply position in the current year and also because there is better international export potential because of increase in sugar prices, why has not Government come to a firm decision yet about the export quantum of sugar because we need foreign exchange badly ?

SHRI F. A. AHMED The hon. member is under a wrong apprehension that there is no decision. Government have taken a decision, but there are certain things which have to be done in their own way. But one has not to be vociterous about these matters.

SHRI NIHAR LASKAR There is a feeling current in the country that Government are exporting sufficient quantity of sugar ignoring the internal demand ? If so, will the Minister come out with a statement ?

SHRI F. A AHMED . I have already said that these actions are being taken having regard to the production and actual internal requirement and also the necessity to export Action is being taken accordingly.

**श्री नवल किशोर शर्मा :** अध्यक्ष जी, मंत्री जी ने अपने प्रश्न के उत्तर मे यह कहा है कि देश मे इस समय चीनी की कमी है और उस बारे मे कदम उठाये जा रहे हैं उत्पादन बढाने के लिये। मै उन से जानना चाहूगा कि हमारे

देश में जो उत्पादन चीनी का इस साल हुआ है इस उत्पादन को बढ़ाने की, इंटरनेशनल मार्केट में चीनी के अभाव के कारण, बहुत जरूरत हो गई है। तो मैं जानना चाहूंगा चीनी का उत्पादन और भी अधिक बढ़े जो मौजूदा साल में हुआ है उस से ज्यादा बढ़े, इस के लिये क्या कदम उठाने का उन के द्वारा विचार किया जा रहा है? और साथ ही साथ यह भी जानना चाहूंगा कि इस बढ़े हुये उत्पादन के अधिकांश हिस्से को काफी बड़ी तादाद में क्या वह एक्सपोर्ट करेंगे ताकि हम फौरेन एक्सचेंज अर्न कर सकें और फर्टिलाइजर की कमी को दूर कर सकें। इस बारे में सरकार क्या सोच रही है?

**श्री फखरुद्दीन अली अहमद** : मेरे ख्याल से आनरेबल मेम्बर ने गलत समझा है। मैंने तो अपने जवाब में यह कहा है कि लास्ट इयर चीनी का प्रोडक्शन बढ़ा है। उस के बढ़ने की वजह से अपनी जरूरियात को मद्देनजर रखते हुये और इस बात को मद्दे नजर रखते हुये कि हम कितना एक्सपोर्ट कर सकते हैं और अपने मुल्क के लिये फायदा उठा सकते है, गवर्नमेंट कार्रवाई कर रही है और सारी बातों को सोच रही है। इसी लिये हम चाहते हैं कि आइन्दा साल भी किसी तरह से चीनी की पैदावार बढ़े, इस के लिये हम ने बहुत से कदम उठाये हैं, जिन में से यह भी है कि किस तरह से ग्रोअर्स को इन्सेन्टिव दिया जाय ताकि वह ज्यादा से ज्यादा गन्ना पैदा करें और अच्छी कीमत पा सकें और फैक्ट्री वालों को भी ज्यादा इन्सेन्टिव दे कर प्रोडक्शन बढ़ा सकें। यह सारे कदम उठाये गये हैं और हम उम्मीद करते हैं कि आइन्दा साल चीनी की पैदावार इस साल से ज्यादा होगी।

SHRI MADHURYYA HALDAR : Sir, the Government has always been saying about the international price rise in the commodities. So, I want to know whether the price of sugar has gone up in the international market or not; also I want to know whether the Government is considering a rise in the export price of sugar; also, I wan to know what is the price of exported sugar at present, and what is the amount by which they are going to increase it.

MR. SPEAKER : The question is about the production.

SHRI F. A. AHMED : So far as the international price is concerned, it is a fact that the price has risen in the international market. I am not in possession of the actual figures, but the price is roundabout £300 per tonne. I do not know what will be the price in the near future. So far as our price is concerned, the hon. Member is aware that we are supplying the levy sugar at Rs. 2.15 per kilo to the consumers. So far as the levy sugar is concerned . . .

SHRI MADHURYYA HALDAR : I asked about the export price, and about the price in the international market.

SHRI F A. AHMED : About the export price. I have already said what is the international price . . .

MR. SPEAKER : You have mentioned it.

**श्री राम सूरत प्रसाद** : मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या चीनी के उत्पादन में कमी होने का कारण यह भी है कि जो मिल मालिक हैं वह गन्ना पैदा करने वालों को गन्ने की कीमत का भुगतान समय से नहीं करते? यदि यह सही है तो इस के लिये क्या कार्रवाई की जा रही है?

**श्री फखरुद्दीन अली अहमद** : जहां तक मेरी इत्तला है, फैक्ट्रियां जो हैं वह गन्ना वगैरह ले रही हैं। हां, उन्होंने यह शिकायत जरूर की है कि उसमें जो शुगर कंटेंट है वह बहुत कम हो गया है और वह चाहते हैं कि गवर्नमेंट किसी तरह से उन की मदद करे ताकि वह ज्यादा अर्से तक अपनी फैक्ट्रियां चला सकें। यह चीज गवर्नमेंट के पास आई है और वह उस पर गौर कर रही है।

SHRI VIRBHADRA SINGH : In view of the fact that there is a worldwide shortage of sugar, I would like to know

whether there is any scheme before the Government to encourage and promote the cultivation of beet root so that sugar can be extracted from beet also and, if so, what steps have been taken by the Government in this direction so far ?

SHRI F. A. AHMED : So far as the question of utilisation of beet for the purpose of increasing the production of sugar is concerned, we have taken steps in one or two places where in addition to the sugar being manufactured, it will also be manufactured by the utilisation of beet. But it is on a very small scale, and if this experiment proves successful we hope to enlarge it in a big scale

SHRI TRIDIB CHAUDHURI : May I know whether there is any kind of international agreement with other sugar exporting countries, and are we bound by some quota restrictions with individual countries, or, in view of the world shortage of sugar and the rise in prices, may I know whether we would try to come out of these quota restrictions agreements ?

SHRI F. A. AHMED There is some arrangement with the United States and the United Kingdom under preferential treatment and that is upto the end of 1974. Under this agreement we are to provide about one lakh tonnes of sugar to these countries We are taking up with these countries how the price should be increased according to international market. This is only upto 1974, afterwards we will be free. So far as export of other sugar is concerned we have no arrangement and there is no restriction so far as quota is concerned.

SHRI JAGDISH BHATTACHARYA-YA : In view of the increased production of sugar in our country, may I know whether per capita consumption of sugar through ration shops is going to be increased and whether the price will be decreased ?

SHRI F. A. AHMED : So far as consumption is concerned, on the one hand hon. Members are anxious that we should try to increase our exports. Unless we reduce home consumpion, how could that objective be achieved, I do not know. On the other hand, there is this thing. But I should like to inform the hon. Members that I have increased the general quota to all the States and I hope they will be satisfied with that increase and will try to help me to see that the objective about which so many Members have spoken is achieved as early as possible.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : The consumption of sugar last year was 35 lakh tons. Now we are producing over 45 lakh tonnes and we get a higher price for sugar this year, about Rs. 600 per tonne, in foreign exchange. May I know whether he is going to export ten lakh tonnes of sugar ? May I also know whether the Finance and Commerce Ministries have strongly recommended the export of ten lakh tonnes but the Agriculture Ministry is coming in the Way ? If there is some shortage of sugar, nobody is going to die for want of sugar.

SHRI F. A. AHMED : These matters are under our consideration and it would be good to the interest of our country if we are less vociferous about this matter.

PROF. MADHU DANDAVATE : Hon. Member refers to the export of sugar I should like to know from him whether he has come across a derogatory statement made by the Chairman of the U.S Agricultural Committee reprimanding India and saying that because of the policies of India they should not consider favourably our demand for export of sugar and also that they should encourage only those countries who had adopted a favourable attitude towards American policies. In view of this will he say categorically what is their attitude ?

SHRI F A. AHMED : This question does not arise. Besides that this question about this particular statement had been answered by my colleague, the Minister of External Affairs

श्री हुकम चन्द कछवाय : मंत्री महोदय ने स्वीकार किया है कि विश्व में चीनी की कमी है और विश्व बाजार में चीनी के दाम तीन सौ रुपये टन बढ़े हैं । हम जो चीनी विदेशों में भेजते है वह किस दाम पर भेजते है । इन बढ़े हुये दामो पर भी क्या हमने चीनी भेजी है यदि हां, तो कितनी?

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : मैं जवाब दे चुका हूं कि जहां तक एक्सपोर्ट का ताल्लुक है हर साल हम इसको देखते हैं कि कितनी हमारी प्रोडक्शन है, कितनी हमारी जरूरियात हैं और क्या कीमत हम को बाहर से मिल रही है। इस सब को देख कर हम फैसला करते हैं इसके बारे में। जहां तक यू० के० और यू० एस० ए० का ताल्लुक है हमारा उन से एग्रीमेंट या प्रफेंशल ट्रीटमेंट के बेसिस के ऊपर हमने उनको एक फिक्सड कीमत पर चीनी बेची। लेकिन जहां तक दूसरे मुल्कों का ताल्लुक है हम उसी कीमत पर बेचते है जो अन्तर्राष्ट्रीय कीमत होती है। इस दफा भी 1974 तक हमारा जो एग्रीमेंट इन दो मुल्कों से है उसके अलावा जो चीनी हम बाहर बेचेंगे उसको इस बात का मद्देनजर रख कर बेचेंगे कि अन्तर्राष्ट्रीय कीमत क्या है और ज्यादा से ज्यादा कीमत हम को मिल सके।

श्री हुकम चन्द कछवाय : किस कीमत पर बेची है इसका जवाब नहीं दिया है।

श्री फखरुद्दीन अली अहमद : कारोबार का सारा हिसाब तो मेरे पास नहीं है कि हर रोज कितने दामो में बेची जा रही है। लेकिन मैंने कहा है कि जो अन्तर्राष्ट्रीय प्राइस है उससे कम दामो पर नहीं बेची गई हैं।

## विदेश जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के खर्च में कटौती

*428 श्री महादीपक सिंह शाक्य : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पांचवी पंचवर्षीय योजना में खेलों में शामिल होने के लिये विदेश जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के खर्चे में कटौती कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी और यह कटौती करने के क्या कारण हैं?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप-मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी नहीं। पांचवी पंचवर्षीय मसौदा योजना के अनुसार इस कार्य के लिये निर्धारित निधि में कोई काट प्रस्तावित नहीं की गई है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

श्री महादीपक सिंह शाक्य : यह प्रसन्नता की बात है कि मंत्री महोदय ने इस मद में कटौती करने की जो आदत थी उसको बदल दिया है। चौथी योजना के मुकाबले में पांचवी योजना के प्रारम्भ तक अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मनुष्य की जीवनोपयोगी वस्तुओं की कीमतें ठीक दुगुनी हो गई हैं। इस वास्ते खर्चे और कीमतों में समानता लाने के प्रश्न पर भी विचार किया गया है और यदि नहीं तो उसका कारण क्या है?

श्री अरविन्द नेताम : चौथी योजना में अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों पर करीब 48 लाख रुपया खर्च किया गया और पांचवी योजना में करीब 65 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इसको काफी वृद्धि कहा जा सकता है।

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURAL HASAN): Sir, I would like to make a point. I am amplifying the reply that has been given by my colleague so that there is no confusion.

सच्चाई यह है कि जो ग्रांट दी जाती है स्पोर्टस फैडरेशन को उस में आप देखें कि देश से बाहर जाने वाली टीमों का सब से बड़ा जो खर्चा होता है उसके अलावा कोचिंग कैम्प्स वगैरह का भी खर्च उस में शामिल होता है। इस वास्ते जो वृद्धि हुई है इस में थोड़ा गहुन नान प्लान का भी खर्चा और जुड़ जायेगा। इस वास्ते कुल पाँच